
# श्री जी गोसदन
## नोएडा

# गो संदेश

वर्ष : 13 • अंक : 8 • नवम्बर, 2025

## सम्पादकीय

आदरणीय आत्मीयजन,

सादर अभिवादन।

आशा है आप सानन्द होंगे। अक्टूबर मास में गौशाला में आयोजित उत्सव श्रंखला में आपकी भरपूर भागीदारी ने हम सभी का उत्साहवर्धन किया।

समाज के सहयोग से गौशाला बहुत अच्छी तरह चल रही है। लगभग 1750 गौवंश की हम सेवा कर रहे हैं। अभी हमारे पास 9 एकड़ भूमि नोएडा द्वारा लम्बी अवधि की Lease पर है। गौवंश की स्वाभाविक वृद्धि को ध्यान में रखें तो यह स्थान अब छोटा पड़ने लगा है। गौशाला के लिए अतिरिक्त स्थान की आवश्यकता लगातार बढ़ती जा रही है। इसके समाधान के दो ही उपाय हैं:–

1. नोएडा अथॉरिटी अतिरिक्त जगह उपलब्ध कराए। हमें जिस उद्देश्य के लिए जमीन आबंटित की गयी थी, वह पूरी तरह निभाया गया है। कार्यकारिणी इस कार्य के लिए नोएडा अथॉरिटी से आवेदन कर रही है।
2. आज से 25 साल पहले जब गौशाला का निर्माण हुआ था, तब एक छोटी टीम ही गौशाला के निर्माण से जुड़ी थी। आज यह परिवार बढ़कर 700–800 तक पहुंच गया है। नोएडा का लगभग प्रत्येक प्रतिष्ठित परिवार गौशाला का सदस्य है। अपने परिवारों पर भगवान की कृपा बनी है। लक्ष्मी मैया की कृपा से खूब समृद्धि आयी है। हममें से एक परिवार या अनेक परिवार सामूहिक रूप से गौशाला के लिए 5–10 एकड़ जमीन दान नहीं कर सकते क्या? आज हम कई करोड़ रूपये शादी–ब्याह व परिवारिक कार्यक्रमों में खर्च करते हैं। गाय हमारी माता है। पहला प्राकृतिक खेती जो गाय के गोबर व मूत्र की सहायता से होती है। दूसरा गाय का दूध। अगर हमको अपनी खाने की थाली को जहर मुक्त करना है तो गाय को अधिक से अधिक पालना ही होगा। अतः गौशाला के लिए अतिरिक्त जमीन के सहयोग के लिए विमर्श की परम आवश्यकता है। कोई दानवीर हमें अपने परिवार के बुजुर्ग के नाम पर जमीन दान दे सकता है या एक बड़ी राशि का दान कुछ परिवारों द्वारा किया जा सकता है, इसमें सहयोग कर सकता है। गौशाला कार्यकारिणी ने भी इस हेतु श्री

शेष पृष्ठ 3 पर...

## अध्यक्ष की कलम से

परम प्रियजन,

नमन, वन्दन एवं अभिनन्दन!

श्री जी गोसदन परिवार आप सभी मित्रों के स्वास्थ्य एवं प्रसन्नचित जीवन की श्री राधा–कृष्ण एवं गोमाता से कामना करता है। आप सभी परिवारजनों का जीवन सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्नचित रहे।

प्रिय गो भक्तों गौशाला का वार्षिक उत्सव गोवर्धन पूजा, दीप उत्सव, प्रभात फेरियाँ एवं गोपाष्टमी सहित बहुत धूम–धाम से मनाए गए। आपके लिए कुछ झलकियाँ अगले पृष्ठों पर हैं।

मित्रों पिछले माह गौशाला के बच्चों की पढ़ाई लिए विकास विश्रांति ट्रस्ट ने स्कूल चालू किया एवं प्रकाश अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा सेवा गोपालकों के लिए चालू की गयी, जिसका शुभारम्भ प्रकाश अस्पताल के मैनेजिंग डारेक्टर डॉ. विजय सिंह चौहान ने किया एवं नव–निर्मित लैब का उद्घाटन श्री श्याम बिहारी गुप्ता (अध्यक्ष, गो सेवा आयोग, उ.प्र.) एवं डॉ. ए.के. अग्रवाल (एम.डी., रिवर इंजीनियरिंग लि.) द्वारा किया गया।

मित्रों पिछले माह श्री नरेन्द्र भाटी ने कर्मचारियों को कम्बल एवं श्री नरेश गर्ग ने ग्वालों को ड्रैस बांटी। संजीवनी ट्रस्ट से श्री राकेश अग्रवाल ने सौन्दर्यीकरण के लिए विशेष सहयोग दिया एवं गो उत्पाद बनाने के लिए शेड का निर्माण श्री जी. सी. चावला के सहयोग से किया गया। इसके लिए सभी को साधुवाद।

मित्रों ऑफिस के सामने पार्क के सौन्दर्यीकरण एवं रेन वाटर हारवेस्टिंग का कार्य पूरा हो गया।

नवम्बर, 2025 के हवन में लगभग 250 लोगों ने भाग लिया तथा गोमाता का आशीर्वाद व भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

गो प्रेमियों द्वारा गोपाष्टमी उत्सव बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री दिनेश उपाध्याय (अखिल भारतीय गो सेवा प्रमुख – विश्व हिंदू परिषद), श्री पंकज सिंह (विधायक, नोएडा), श्री गौरव वार्ष्णेय (उद्योगपति), श्री नबाब सिंह नागर व श्रीमती बिमला बाथम (पूर्व विधायक), श्री महेश चौहान (महानगर अध्यक्ष, बी.जे.पी., नोएडा), डॉ. वी.एस. चौहान, श्री गोपाल अग्रवाल, श्री मधुसूदन दादू, श्री महेश बाबू गुप्ता, श्री नरेश शर्मा, श्री संजय बाली, श्री योगेन्द्र शर्मा, श्री ए.के. अग्रवाल, श्री बंशीधर, श्री टी.एन. गोविल, श्री टी.एन. चौरसिया, श्री देवेन्द्र गंगल एवं भारत विकास परिषद की समस्त टीम का सानिध्य रहा। इस उत्सव को सफल बनाने के लिए श्री प्रमोद शर्मा, श्री संदीप अग्रवाल, श्री संजय

शेष पृष्ठ 3 पर...

## मासिक हवन

**दिनांक** : रविवार, 7 दिसम्बर, 2025 • **समय** : प्रातः 9.00 बजे • **स्थान** : गोशाला प्रांगण

**यजमान** : श्री दिनेश माहेश्वरी, श्रीमती रंजू माथुर, श्री जी.सी. माहेश्वरी, श्री जुगल किशोर, श्री प्रमोद अग्रवाल, श्री विक्रम अग्रवाल, श्री राजीव गुप्ता, डॉ. लीना जगबीर चौहान, श्री कैलाश किल्ला, श्री सुनील गोयल, श्री मनोज कुमार शर्मा, श्री मूलचंद कंसल, विश्वजीत पंकज गोयल, मनीष सुभाष गोयल, श्री पुरुषोत्तम तापड़िया, श्री अजेश खंडेलवाल, श्री सुनील गोयल, रचयिता अजय कपूर, श्री राम नाथ गोयल, श्री अमरप्रीत बेदी।

# गौशाला में आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां







गोवर्धन पूजा का दृश्य





गौ पूजन करते श्रद्धालुगण











प्रभात फेरियों के अनुपम दृश्य






गोपाष्टमी उत्सव पर आयोजित समारोह में आमंत्रित अतिथिगण एवं मंच का दृश्य



गोपाष्टमी के बाद 2 नवंबर को मासिक हवन का दृश्य

## समाचार पत्रों से संकलित



# श्रीजी गौसदन में धूमधाम से मनाई गोपाष्टमी

नोएडा (युगकरवट)। सेक्टर-94 स्थित श्रीजी गौसदन में गोपाष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि दिनेश उपाध्याय (केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय गौ रक्षा प्रमुख) तथा यजमान गौरव वार्ष्णेय, नोएडा विधायक पंकज सिंह, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, विमला बाथम, जिलाध्यक्ष महेश चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे। उत्सव में ब्रह्म स्वरूप कला निकेतन द्वारा लव कुश कांड नाटिका का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद भंडारे का वितरण किया गया। इस आयोजन में शहर के सभी गणमान्य और श्रीजी गौसदन की समस्त कार्यकारिणी एवं गौ भक्त उपस्थित रहे।



# धूमधाम के साथ मनाया गोपाष्टमी उत्सव

जय हिन्द संवाद

दादरी । श्री जी गौसदन सेक्टर 94 में गोपाष्टमी का उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया इस आयोजन में मुख्य अतिथि श्री दिनेश उपाध्याय (केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय गौ रक्षा प्रमुख) तथा यजमान श्री गौरव वार्ष्णेय, नोएडा विधायक पंकज सिंह ,जिला अध्यक्ष महेश चौहान उपस्थित रहे।

उत्सव में ब्रह्म स्वरूप कला निकेतन के द्वारा लव कुश कांड नाटिका का सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद भंडारे का वितरण किया गया द्य इस आयोजन में शहर के सभी गणमान्य और श्रीजी गौसदन की समस्त कार्यकारणी एवं गौ भक्त उपस्थित रहे।



चेतना मंच

30 Oct 2025 - Page 8

चेतना मंच | website:www.chetnamanch.com | Chetna Manch | गौतमबुद्धनगर | नोएडा बृहस्पतिवार, 30 अक्टूबर, 2025 | 8

# श्री जी गौसदन में गोपाष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया



अमर

# श्रीजी गोसदन में गोपाष्टमी पर्व मनाया

कार्यक्रम में हिस्सा लेते लोग। स्रोत : आयोजक

नोएडा (संवाद)। शहर में बृहस्पतिवार को गोपाष्टमी पर्व मनाया जाएगा। इसके उपलक्ष्य में श्रीजी गोसदन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और अखिल भारतीय गोरक्षा प्रमुख दिनेश उपाध्याय बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उनके साथ यजमान गौरव वार्ष्णेय, नोएडा विधायक पंकज सिंह और जिला अध्यक्ष महेश चौहान भी मौजूद रहे। बृहस्पतिवार को सेक्टर 31 स्थित इस्कॉन मंदिर सहित शहर के सेक्टर-62 स्थित गोकुलधाम गोशाला, सेक्टर 63 स्थित राधा गौशाला, सेक्टर 45 स्थित गौशाला और सेक्टर 15 ए स्थित गोशाला पर्व मनाया जाएगा।



दैनिक जागर

# गोपाष्टमी पर श्रद्धालुओं ने किया गो माता का पूजन

## गोमाता में देवी-देवताओं का होता है वास




**सम्पादकीय...** (पृष्ठ 1 का शेष...)

परमात्माशरण बंसल जी की अध्यक्षता एक समिति का गठन किया है जिसमें मुझे व श्री एन.के. अग्रवाल जी को सदस्य बनाया है। Ex Officio के रूप में अध्यक्ष जी, महामंत्री जी व कोषाध्यक्ष जी इस समिति के सदस्य हैं।

मेरी इस प्रार्थना पर आप अवश्य विचार करें ताकि निकट भविष्य में इसका उचित समाधान किया जा सके।

आप भी इस संबंध में अपने अमुल्य सुझाव इस समिति को दे सकते हैं।

– आपका अपना

**महेश बाबू गुप्ता**

(mahesh@mbgupta.com)

**अध्यक्ष की कलम से...** (पृष्ठ 1 का शेष...)

गोयल, श्री विमल अग्रवाल, श्री केशव गंगल, कमान्डर विनोद गुप्ता, श्री उमेश बंसल, श्री एस.एन. गोयल, श्री नरेश गर्ग, श्री तुलसीदास, श्री चितरंजन, श्री प्रदीप गुप्ता, श्री महेश चौहान, श्री ओ.पी. बंसल, श्री एन.के. अग्रवाल, श्री जगमोहन शर्मा, श्री रोहतास गोयल, श्री रामरतन शर्मा, श्री सौरभ अग्रवाल और गौशाला के ग्वालों का बहुत–बहुत साधुवाद।

हम सभी के उज्जवल भविष्य एवं सुख समृद्धि की कामना करते हैं। आप सभी से अनुरोध करता हूँ कि आप गौशाला का सहयोग एवं समर्थन करते रहें और हम गौशाला का पूर्ण निष्ठा से संचालन करते रहेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ अग्रिम आभार!

– आपका अपना

**विकास अग्रवाल**

(vikas18noida@yahoo.com)

## गौसदन में सहयोग के प्रकार

| | |
|---|---|
| मासिक हवन (प्रातः 9 बजे) | : रू॰ 3,100/– (मास के प्रथम रविवार को – यजमान सहयोग) |
| गौग्रास योजना | : रू॰ 500 से 5,000/– तक मासिक |
| हरा चारा सहयोग | : रू॰ 5,100/– |
| सवामनी दलिया | : रू॰ 5,100/– |
| गाय अडॉप्शन योजना | : रू॰ 11,000/– (प्रति गाय) (प्रतिवर्ष – गाय की आयु तक) |
| गौदान | : रू॰ 31,000/– |
| छप्पन भोग | : रू॰ 31,000/– |
| भूसा सहयोग | : रू॰ 1,01,000/– (लगभग 1 ट्रक) |
| खल, चोकर व छिलका | : रू॰ 1,01,000/– |

## अपील

वर्तमान में गौशाला में लगभग 1700 से अधिक गोवंश हैं। भूसा/चारे का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। गोपाष्टमी में जिन बंधुओं ने भूसा दान की घोषणा की थी, उन सभी से विनम्र निवेदन है कि इस कार्य को यथाशीघ्र सम्पन्न करें।

## श्री जी गोसदन


(पंजीकृत सोसायटी सं.–592, अधिनियम सं.–21, सन् 1860 के अर्न्तगत)
भूखण्ड सं. 7, सैक्टर 94, नौएडा (उ.प्र.)
मो. : 8882425010
ई–मेल : shreejeegausadan94@gmail.com
वेबसाइट : www.shreejeegausadan.com


अध्यक्ष : सीए विकास अग्रवाल (मो. : 9810015863)
महासचिव : श्री सुशील भारद्वाज (मो. : 7982002929)
कोषाध्यक्ष : सीएस संजय गुप्ता (मो. : 9873410688 )
प्रबन्धक : श्री संतोष सिंह (मो. : 7428350639)

दान/सहयोग राशि हेतु जानकारी :

**SHREE JEE GAUSADAN**

Account No. : **923010022147753**
Name of Bank : **AXIS BANK**
Sector 44, Noida (U.P.)
IFSC Code : **UTIB0001788**

अथवा QR कोड स्कैन करें


PRAVEK

100 % शुद्ध और परिश्रुत

# गोजल

## पाचन क्रिया सुधार हेतु




200 मिली के पैक में उपलब्ध

आयुर्वेद में गाय के गौमूत्र को एक संजीवनी कहा गया है, जो रोगों को भगाए और दीर्घायु प्रदान करे।

प्रवेक गोजल को आसवन के बाद काँच की बोतल में पैक किया जाता है, ताकि वह सभी अशुद्धियों से मुक्त हो व गोजल के स्वाभाविक रुपी अम्लीय गुणों से बचाता हो।

### उपयोग

- कृमि रोग
- कण्डु रोग
- कुष्ठ रोग
- दोष जन्य उदर विकार
- अफारा
- मेदोरोग
- अध्यमान, आदि में लाभकारी

### मात्रा

20 मिली प्रवेक गौजल को जल में मिलाकर दिन में एक बार या चिकित्सक के परामर्शानुसार लें।

CUSTOMER CARE
+91 9990990999 | customercare@pravek.com
www.pravek.com